कार्यालय जनसम्पर्क अधिकारी
राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर
राजा पंचम सिंह मार्ग, ग्वालियर (म.प्र.) – 474002

फोन / फैक्स : 0751–2970230, 2970231
ईमेल : pro.rvskvv@gmail.com

क्र. / जन.कार्य. / 2023–24 / 400 दिनांक : 30 / 01 / 2024

प्रति,
श्रीमान संपादक महोदय / ब्यूरोचीफ

ग्वालियर, म.प्र.

महोदय,

निवेदन है कि राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर का एक महत्वपूर्ण समाचार प्रकाशनार्थ प्रेषित है। कृपया प्रकाशित कर सहयोग करने का कष्ट करें।

(जनसम्पर्क अधिकारी)

प्रेसनोटः–

''नाबार्ड अधिकारियों द्वारा इन्क्यूबेशन सेंटर का भ्रमण''

ग्वालियर। कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर के एग्रीबिजनेस इन्क्यूबेशन एंड एंटरप्रेन्योरसिप सेंटर में नाबार्ड के मध्यप्रदेश के अधिकारियों द्वारा अवलोकन किया गया। नाबार्ड के क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य महाप्रबन्धक श्री सुनील कुमार, महाप्रबन्धक श्री पंकज यादव, उप महाप्रबन्धक श्री नन्दू नायक एवं 33 जिला प्रबन्धक अधिकारियों ने भ्रमण के दौरान नाबार्ड की आर.आई.पी.एफ. योजना के तहत आये कृषि ड्रोन के बारे में बताया तथा सेन्टर में दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।

इस दौरान सी.ए.आई.ई. के इन्क्यूबेटीज से नाबार्ड के अधिकारियों ने विस्तार पूर्वक चर्चा की जिनमें प्रमुख रूप से गोहद एफ.पी.ओ., ओमकार इण्डिया प्रा.लि., क्लीन कॉलर, महामाया एस.एच.जी., तुलिका पेन्सिल, नेचर्स गार्डन, पयोधी फार्मर प्रोडयूसर कम्पनी लिमिटेड आदि उपस्थित रहे। सभी इन्क्यूबेटीज द्वारा अपने उत्पादों को दिखाया गया और सी.ए.आई.ई. द्वारा मिलने वाली मदद के बारे में बताया। नाबार्ड के अधिकारियों ने सी.ए.आई.ई. इन्क्यूबेशन सेन्टर के नोडल अधिकारी डॉ वाय डी मिश्रा के कार्यों की सराहना करते हुये पूरी टीम का उत्साह वर्धन किया।